राज्यपाल सचिवालय
राज भवन जयपुर

राज्यपाल ने महिला अपराधो की रोकथाम और कानून व्यवथा बनाए रखने के लिए पत्र लिखा

जयपुर, 8 अक्टूबर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत को पत्र लिखकर पिछले 48 घंटों में प्रदेश में महिलाओ के प्रति घटित गंभीर प्रकृति के अपराध की घटनाओं को चिंताजनक बताते हुए इन पर अंकुश लगाने, आपराधिक गतिविधियों को रोके जाने और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए ठोस कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।
श्री मिश्र ने रविवार को नेता प्रतिपक्ष के नेतृत्व में राज्य के प्रमुख विपक्षी दल के प्रतिनिधिमंडल द्वारा राजभवन में उपस्थित होकर दिए ज्ञापन पर संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री को यह पत्र लिखा है।